an>

Title: Regarding providing bonus of Rs. 300/- per quintal above MSP of wheat.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा) : महोदया, देश में ओलावृÂट और ओलों की मार से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। केंद्र सरकार ने पुराने नियमों को शिथिल करते हुए 50 प्रतिशत के बजाय 33 प्रतिशत नुकसान को सौ प्रतिशत मान कर किसानों को राहत राशि दी है। इसके लिए मैं सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार खरीदी हो रही है और बड़ी तादाद में किसान गेहूं मंडियों में ले जा रहे हैं। लेकिन रीवा जिले में अतिवृÂिट से गेहूं के दाने अति पतले हो गए हैं, जिससे वे वज़न में हल्के हो गए हैं, इसलिए आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि रीवा जिले के किसानों को 300 रूपये प्रति क्विंटल खरीदी दाम से अतिरिक्त बोनस देने की कृपा की जाए।